# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## बुधवार, 29 मार्च, 2017/ 8 चैत्र, 1939 (शक्)

----

[**मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** ].

**कुल प्रश्न** - 53

----

**सहायतानुदान**

*3975 **श्री रविन्द्र सिंह(देहरा) :**
**श्री गुलाब सिंह ठाकुर(जोगिन्द्रनगर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2017 तक प्रदेश सरकार को केन्द्र सरकार से विभिन्न योजनाओं जैसे केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं/राज्य योजनाओं/विभिन्न मिशनों/ परियोजनाओं/कार्यों हेतु कितनी-कितनी धनराशि सहायतानुदान व अन्य रूप में प्राप्त हुई; ब्यौरा वर्षवार व योजनावार दें; और

(ख) इस अवधि में प्रदेश सरकार को विभिन्न वित्त एजेंसियों जैसे NABARD, ASIAN DEVELOPMENT BANK, JICA/WORLD BANK आदि से कितनी-कितनी धनराशि विभिन्न कार्यों व योजनाओं/परियोजनाओं हेतु प्राप्त हुई; ब्यौरा वर्षवार व योजनावार दें?

----

**उद्योग की स्थापना**

*3976 **श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि स्टील अथॉरिटी आफ इण्डिया लिमिटेड (SAIL) ने कन्दरोड़ी में उद्योग स्थापित किया है; और

(ख) यदि हां, तो इस उद्योग को कब तक प्रारम्भ किया जाएगा?

----

## FCA Clearance

***3977 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last 3 years how many cases of roads and bridges have been sent for clearance under FCA from State Government to Centre Government (Dehradun); division wise details be given; and

(b) how many roads and bridges have received clearance under FCA from Government of India (Dehradun) and how many cases are pending for Clearance; division wise details be given?

----

## बसों की खरीद

***3978 डॉ0 राजीव बिन्दल(नाहन) :**
**श्री सतपाल सिंह सत्ती(ऊना) :**
**श्री बलदेव सिंह तोमर(शिलाई) :**
**श्री रणधीर शर्मा(श्री नैना देवीजी) :**
**श्री कृष्ण लाल ठाकुर(नालागढ़) :**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में प्रदेश को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत परिवहन मद में कितनी धनराशि किस-किस मद में प्राप्त हुई; ब्यौरा दें;

(ख) इस धनराशि से निगम ने कितनी बसें किस-किस मॉडल की किस कम्पनी से कितनी धनराशि की खरीदी तथा कितनी धनराशि बॉडी इत्यादि पर व्यय की गई; ब्यौरा दें; और

(ग) प्रदेश के किस-किस डिपो को कितनी-कितनी बसें उपलब्ध करवाई गई तथा उनमें से कितनी बसें चल रही हैं तथा कितनी नहीं चल रही हैं; ब्यौरा दें?

----

## राष्ट्रीय राजमार्ग-22

***3979 डॉ0 राजीव सैजल (कसौली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) राष्ट्रीय राजमार्ग-22 का four laning का कार्य किस कम्पनी (agency) द्वारा किया जा रहा है; और

(ख) यह सत्य है कि जब से यह कार्य शुरू हुआ है; इस राजमार्ग पर दुर्घटनाएं बढ़ी हैं; यदि हां, तो गत दो वर्षों में कितनी दुर्घटनाएं हुईं; ब्यौरा दें?

----

## कौशल विकास भत्ता

*3980 **श्री हंस राज(चुराह) :**
**श्री महेन्द्र सिंह(धर्मपुर) :**
**श्री बिक्रम सिंह जरयाल(भटियात) :**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार ने कौशल विकास परिषद् का गठन करने के उपरान्त इस योजना के अन्तर्गत दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक कितने बेरोजगारों को रोज़गार दिया;

(ख) एक लाख 58 हजार 100 लाभार्थियों ने किन-किन प्रशिक्षण संस्थानों में ट्रेनिंग प्राप्त की; ब्यौरा संस्थानों का नाम एवं दी गई धनराशि सहित दें;

(ग) कितने ट्रेडज में विभिन्न संस्थानों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है; ब्यौरा दें;

(घ) जिला स्तरीय समितियों द्वारा कितने प्रशिक्षण संस्थानों का पंजीकरण किया गया, इनमें दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक कितने प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया; ब्यौरा दें;

(ङ.) इन प्रशिक्षण संस्थानों का पंजीकरण के समय कितना-कितना Built Up Area व खुला एरिया था; ब्यौरा संस्थानवार दें; और

(च) इस अवधि तक कितने संस्थानों में अनियमितताएं पाई गईं; ब्यौरा संस्थानवार दें?

----

## सड़कों की डी0पी0आर0

*3981 **श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक जिला सोलन में प्रधानमन्त्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत कितनी सड़कों की डी0पी0आर0 तैयार की गई; ब्यौरा सड़कवार एवं मण्डलवार दें?

----

## बंगाणा धनेटा सुरंग

*3982 **श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बंगाणा-धनेटा सुरंग का शिलान्यास कब किया गया; और

(ख) इसका निर्माण कार्य क्या आरम्भ कर दिया गया है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## वर्षाशालिका का निर्माण

***3983 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि BBNDA द्वारा सनसिटी रोड़ बद्दी बाईपास पर वर्षाशालिका का निर्माण किया गया है;

(ख) यदि हां, तो कितनी धनराशि व्यय की गई है; यह भी सत्य है कि जिस जगह पर इसका निर्माण किया गया है वहां पर कोई आबादी नहीं है और न ही बस ठहराव है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार इसका निर्माण जनहित में किसी अन्य स्थान पर करने विचार का रखती है?

----

## सरकारी निधि की घोषणा

***3984 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में विभिन्न बोर्डों व निगमों के चेयरमैन/वाईस चेयरमैन क्या सरकारी व गैर-सरकारी समारोहों में सरकारी निधि जारी करने की घोषणा कर सकते हैं; और

(ख) सरकार ने क्या इस सन्दर्भ में कोई नियम निर्धारित किए हैं; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## स्थानीय क्षेत्र विकास निधि

***3985 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निजी विद्युत परियोजनाओं ने कितनी स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (Local Area Development Fund) जमा करवाई; ब्यौरा परियोजनावार दें; और

(ख) इस निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि को किन-किन ग्राम पंचायतों में व्यय किया गया; ब्यौरा दें?

----

## पुल निर्माण

***3986 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने सीर खड्ड पर जाहू में सिंगल लाइन पुल के निर्माण को स्वीकृति प्रदान कर दी है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार यातायात के बढ़ते दबाव के मध्यनज़र इस पुल को डबल लेन बनाने का विचार रखती है;

(ग) यह भी सत्य है कि इसी पुल के साथ जबोठी खड्ड पर भी पुल का निर्माण किया जाना था; और

(घ) यदि हां, तो सरकार इसे कब तक बनाने का विचार रखती है?

----

## बस सेवा

***3987 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने नए बस रूटों पर बस सेवा शुरू की गई;

(ख) इनमें से कितने रूटों पर बसें नियमित रूप से चल रही हैं; और

(ग) कितने रूट बंद कर दिए गए हैं; ब्यौरा दें?

----

## Berm/Bush Cutting

***3988 Sh. Virender Kanwar (Kutlehar):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the Bangana and Una PWD Divisions have spent amount for berm and bush cutting on the roads w.e.f. 1st January, 2014;

(b) if so, how much amount has been spent on each road; detail with measurement of length be given; and

(c) how much amount has been paid to the contractors for doing these works & how much amount is yet to be paid?

----

## विद्युत आपूर्ति

***3989 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि शिमला में माह जनवरी, 2017 में बर्फवारी हुई थी; यदि हां; तो क्या विद्युत आपूर्ति बाधित हुई थी और शिमला शहर काफी दिनों तक अंधेरे में रहा था; ब्यौरा कारण सहित दें; और

(ख) इस बर्फवारी से शिमला में कितने पेड़ गिरे तथा उन्हें कितने दिनों बाद सड़कों से उठाया गया; ब्यौरा दें?

----

## धनराशि का व्यय

***3990 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत चार वर्षों में सरकार ने MGNREGA (मनरेगा) के अन्तर्गत कितनी धनराशि व्यय की है; ब्यौरा वर्षवार/विकास खण्डवार दें?

----

## Wind Energy Project

***3991 Sh. Anirudh Singh (Kasumpti):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) what steps are being taken by the Government to promote 'Wind Energy' projects to the people in the Pradesh; and

(b) where these projects have been proposed to be set up and what is the estimated cost of each project; details be given?

----

## सड़कों की स्थिति

***3992 श्री बी0 के0 चौहान (चम्बा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में जिला चम्बा में कितनी सड़कें निर्माणाधीन हैं; और

(ख) इन सड़कों का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा तथा इन पर कितनी धनराशि व्यय की जाएगी; ब्यौरा दें?

----

## मजदूरों के खाते

***3993 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि गत तीन वर्षों में जिला बिलासपुर में मनरेगा में किए गए कार्यों के बदले मजदूरों की मजदूरी उनके खातों में नहीं डाली गई; और

(ख) यदि हां, तो ऐसे कितने मजदूर हैं; ब्यौरा मजदूरों को देय राशि का खण्डवार व वर्षवार दें?

----

## शिलान्यास/उद्घाटन

***3994 श्रीमती सरवीन चौधरी (शाहपुर)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत चार वर्षों में वर्तमान सरकार द्वारा शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने शिलान्यास व उद्घाटन किए गये; ब्यौरा नाम सहित दें?

----

## आई0टी0आई0 लाहडू

***3995 श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर)ः**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) आई0टी0आई0 लाहडू कब अस्तित्व में आया; इस संस्थान में क्या-क्या व्यवसाय चल रहे हैं; और

(ख) इस संस्थान के भवन निर्माण के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा यह भवन कब तक बनकर तैयार हो जाएगा?

----

## अनुसूचित जाति उप-योजना

***3996 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 दिसम्बर, 2016 तक रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत कितनी किलोमीटर सड़कें बनी; इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

----

## मजदूरों को निकालना

*3997 **श्री बम्बर ठाकुर(बिलासपुर) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि हाल ही में नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन कौल डैम (NTPC Kol Dam) बिलासपुर ने 21 मजदूरों को कार्य से निकाल दिया है; यदि हां, तो क्या सरकार इनको पुनः रोजगार पर लगाने के आदेश देने पर विचार करेगी;

(ख) इस कॉरपोरेशन द्वारा क्या बिजली उत्पादन को प्रारम्भ कर दिया है; यदि हां, तो क्या बिजली उत्पादन का एक प्रतिशत हिस्सा विस्थापितों को दिया जा रहा है और 100 यूनिट बिजली प्रत्येक माह लोगों को मुफ्त दी जा रही है; ब्यौरा दें; और

(ग) LADF की राशि क्या प्रभावित क्षेत्रों को आवंटित कर दी गई है; यदि हां, तो जिला बिलासपुर, मंडी व सोलन के विस्थापितों को कितनी-कितनी राशि दी गई; ब्यौरा दें?

----

## जायका के अन्तर्गत परियोजना

*3998 **श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में जायका (JICA) की परियोजना किन-किन जिलों में चल रही हैं;

(ख) इसके अन्तर्गत क्या-क्या योजनाएं बनाई जाती हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) गत 4 वर्षों में प्रदेश में इस परियोजना के अन्तर्गत क्या-क्या कार्य किए गए; ब्यौरा जिलावार दें?

----

## मुआवज़े की अदायगी

*3999 **श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत काटल-नाटल-मांढू-नाला सड़क मुहाल सलैण्ढी का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है;

(ख) यदि हां, तो क्या सड़क निर्माण हेतु किसानों की भूमि के एवज में किसानों को मुआवज़ा दे दिया गया है और ऐसे कितने किसान हैं जिन्हें दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक मुआवज़ा नहीं दिया गया; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार इस क्षेत्र की रठोहा से पटयानी, अणु-बृखमरी और नलसर-चुनाहन सड़क की टारिंग व मैटलिंग कब तक करने का विचार रखती है?

----

## सड़कों की डी0पी0आर0

***4000 श्री खूब राम (आनी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2017 तक आऊटर सिराज़ क्षेत्र आनी के लोक निर्माण मण्डल निरमण्ड के अन्तर्गत कितनी सड़कें विधायक प्राथमिकता में डाली गईं; कितनी सड़कों की D.P.R. बनाई गई, कितनी स्वीकृत हुईं तथा कितनी लम्बित हैं; ब्यौरा दें?

----

## स्वीकृत बस रूट

***4001 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने बस रुट हैं; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) गत चार वर्षों में कितने नए रूट स्वीकृत किए गए और क्या इन सभी रूटों पर हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसें चल रही हैं; ब्यौरा चौपाल व नेरवा डिपोवार दें; और

(ग) सरकार द्वारा इस अवधि में निगम के डिपो चौपाल व नेरवा को कितनी नई बसें उपलब्ध करवाई गईं; ब्यौरा दें?

----

## महाविद्यालय में स्वीकृत पद

***4002 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर(मनाली) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में जिला कुल्लू में कितने महाविद्यालय हैं, उनमें कौन-कौन से विषय पढ़ाए जा रहे हैं; कितने छात्र/छात्राएं विभिन्न विषयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं; ब्यौरा दें;

(ख) इन महाविद्यालयों में प्राध्यापकों के कितने पद स्वीकृत हैं तथा इनमें से कितने रिक्त व कितने भरे हैं; ब्यौरा विषयवार दें; और

(ग) राजकीय महाविद्यालय कुल्लू और हरिपुर (मनाली) के भवनों का निर्माण कार्य कब-कब प्रारम्भ किया गया तथा उन पर कितनी-कितनी धनराशि व्यय की जा रही है ; ब्यौरा दें?

----

## धनराशि की स्वीकृति

***4003 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा हिमालयन सर्कट के अन्तर्गत प्रदेश को स्वीकृत 100 करोड़ रुपये की परियोजना से स्वीकृत कार्यों का विवरण धनराशि सहित सभा पटल पर रखें ?

----

## ई-समाधान प्रणाली

***4004 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश में ई-समाधान प्रणाली के अन्तर्गत लोगों की शिकायतों का निपटारा किया जा रहा है; यदि हां, तो दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक इस प्रणाली के अन्तर्गत कितने मामले पंजीकृत किए गए और कितने मामलों का निपटारा किया गया; ब्यौरा जिलावार सभा पटल पर रखें?

----

## अग्निशमन केन्द्र की स्थापना

***4005 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अग्निशमन केन्द्र खोलने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक?

----

## Cafeteria

***4006 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last four years how much money has been spent on cafeteria at Devi Dehra in District Chamba by Department of Tourism for repair and renovation; and

(b) who is running the cafeteria?

----

## हेलिकॉप्टर की उड़ान

***4007 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में प्रदेश सरकार द्वारा उपयोग किए जाने वाले हेलिकॉप्टर ने कितने घंटे उड़ान भरी; इनमें से जनजातीय क्षेत्र तथा दिल्ली के लिए कितने-कितने घंटे की उड़ान रही; ब्यौरा व्यय की गई धनराशि का वर्षवार दें?

----

## चिकित्सा भत्ता

***4008 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक प्रदेश में कितने कर्मचारी एवं अधिकारी कार्यरत हैं; इनमें कितने कर्मचारी Fixed medical Allowance और कितने open medical Re-imbursement लेते हैं; और

(ख) इस वित्तीय वर्ष में दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक इन दोनों प्रकार की स्वास्थ्य सुविधा पर कितना-कितना व्यय किया गया; ब्यौरा दें?

----

## उद्योगों की स्थापना

***4009 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में जिला सिरमौर के अन्तर्गत सतौन, खोड़ोवांला, सालवाला, पुरुवाला, गौंदपुर, पांवटा साहिब, निहालगढ़ व सूरजपुर में कितने छोटे-बड़े उद्योग स्थापित किए गए; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इन उद्योगों में कितने-कितने अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत हैं; कितने कम्पनी के अन्तर्गत तथा कितने ठेकेदारों के माध्यम से हैं; ब्यौरा दें?

----

## Criteria of HP Police

***4010 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the criteria of placing the officials of H.P. Police department in the list of O.D.I. (officials/officers of doubtful integrity);

(b) how many officials/officers of the department is in the O.D.I. list; details be given;

(c) whether it is a fact that the family members of these officials are not free to do their business for earning their livelihood; and

(d) if yes, will the Government consider to bring out these officials/officers out of the O.D.I. list keeping in view their track record?

----

## बस सेवा

***4011 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार क्या भंजराडू से वाया टांडा शिमला तथा हिमगिरी-भंजराडू वाया नकरोड़ से बस सेवा प्रारम्भ करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक?

----

## आधुनिक स्कूल

***4012 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्ष 2016-17 में प्रदेश में कितनी आदर्श आधुनिक पाठशालाएं अधिसूचित की गईं; अधिसूचना की प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) इनके चयन हेतु क्या प्रक्रिया अपनाई गई है; कितनी पाठशालाओं का विधायकों की सिफारिशों पर चयन किया गया ;

(ग) इन पाठशालाओं में अन्य पाठशालाओं से क्या भिन्नता है;

(घ) इन पाठशालाओं को क्या विभाग की ओर से समस्त सुविधाएं प्रदान कर दी गईं हैं; यदि हां, तो ब्यौरा पाठशालाओं के नाम सहित दें; और

(ङ.) गत वर्ष कितनी धनराशि इन पाठशालाओं को चलाने हेतु स्वीकृत की गई; ब्यौरा दें?

----

## सामग्री का क्रय

***4013 श्री बिक्रम सिंह जरयाल(भटियात) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2017 तक भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी सामग्री विद्युत परिषद् ने किन कम्पनियों या ठेकेदारों/सप्लायरों से किस-किस दर में खरीदी; कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि जो सामग्री ट्रांसमिशन लाइनों के लिए खरीदी गई थी वह घटिया पाई गई; यदि हां, तो ब्यौरा मदवार दें; और

(ग) इस अवधि में विधान सभा क्षेत्र भटियात में कितने ट्रांसफार्मर लगे, उनमें से कितने चालू हालत में हैं और कितने खराब पड़े हैं; ब्यौरा पंचायतवार दें; और

(घ) इस निर्वाचन क्षेत्र के कितने गांवों में लो-वोल्टेज की समस्या है; सरकार क्या इस समस्या के समाधान हेतु नए ट्रांसफार्मर लगाने का विचार रखती है?

----

## राष्ट्रीय उच्च-मार्ग को चौड़ा करना

***4014 श्री गोविन्द राम शर्मा(अर्की) :**
**श्री विजय अग्निहोत्री(नदौन) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि दानोघाट से दाड़लाघाट (राष्ट्रीय उच्च-मार्ग शिमला-कांगड़ा) के हिस्से को चौड़ा नहीं किया गया है; जिस कारण दुर्घटना का अंदेशा हमेशा बना रहता है;

(ख) यदि हां, तो इस उच्च-मार्ग के इस हिस्से को कब तक जनहित में चौड़ा किया जाएगा; और

(ग) यह भी सत्य है कि सरकार ने शालाघाट से दाड़लाघाट बाईपास निर्माण करने का निर्णय लिया है; यदि हां, तो निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

----

## पिंजौर-बद्दी-स्वारघाट राष्ट्रीय उच्च-मार्ग

***4015 श्री राम कुमार(दून) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार राष्ट्रीय उच्च-मार्ग पिंजौर-बद्दी-स्वारघाट के निर्माण का कार्य कब तक प्रारम्भ करने का विचार रखती है;

(ख) इसके निर्माण हेतु अधिग्रहण की जा रही भूमि का मुआवज़ा प्रभावित किसानों को कब तक दिया जाएगा; और

(ग) सरकार क्या चण्डीगढ़ से कौरिक वाया बरोटीवाला वनलगी, कुनिहार, अर्की, शालाघाट, बसन्तपुर व रामपुर को आल वैदर डिफैन्स रोड़ बनाने का भी विचार रखती है?

----

## लो-वोल्टेज

***4016 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) विद्युत मण्डल देहरा के अन्तर्गत कितने गांव में लो-वोल्टेज की समस्या है; ब्यौरा गांव के नाम का विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें; और

(ख) दिनांक 01 दिसम्बर, 2013 से 15 फरवरी, 2017 तक सरकार ने लो-वोल्टेज समस्या को दूर करने हेतु कितने ट्रांसफार्मर लगाए; ब्यौरा दें?

----

## वोल्वो बस सुविधा

***4017 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार क्या सरकाघाट से दिल्ली वोल्वो बस चलाने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक?

----

## कैफेटेरिया से आय

***4018 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सराहां में way side amenities के अन्तर्गत कैफेटेरिया बनाया गया है; यदि हां, तो इसका उद्घाटन कब किया गया व किसके द्वारा किया गया; और

(ख) इससे अभी तक कितनी आय हुई है; ब्यौरा दें?

----

## पाठशालाओं में विद्यार्थियों की संख्या

*4019 **श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में दिनांक 01 जनवरी, 2014 से 15 फरवरी, 2017 तक सरकारी विद्यालयों में कितने विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं; ब्यौरा वर्षवार व संख्यावार दें; और

(ख) प्रदेश में कितने प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च तथा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं तथा निजी व्यक्तियों/संस्थाओं द्वारा कितने विद्यालय चलाए जा रहे हैं; ब्यौरा जिलावार अलग-अलग दें?

----

## सौर ऊर्जा पैनलों की स्थापना

*4020 **श्री अनिरुद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने शिमला स्थित कार्यालयों की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल स्थापित करने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो गत दो वर्षों में किन-किन सरकारी कार्यालयों की छतों पर यह पैनल लगाए गए;

(ग) केन्द्र सरकार द्वारा क्या शिमला व हमीरपुर को सौर ऊर्जा शहर घोषित किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस दिशा में क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## परिवहन नगर

*4021 **श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने प्रदेश में दो नये परिवहन नगर विकसित करने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हां, तो यह नगर कहां पर विकसित किये जाएंगे तथा इन पर कितनी लागत आएगी; ब्यौरा दें?

----

## वार्षिक पारितोषिक समारोह

***4022 श्रीमती सरवीन चौधरी (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने राजकीय उच्च/वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया; और

(ख) इन स्कूलों के वार्षिक समारोह में किस-किस मुख्य अतिथि को आमंत्रित किया गया; ब्यौरा स्कूलवार व तिथिवार दें?

----

## राज्य राजमार्ग-17

***4023 श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) राज्य राजमार्ग-17 कब अस्तित्व में आया और इसकी लंबाई कितनी है; और

(ख) गत चार वर्षों में दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक इस सड़क में कितने किलोमीटर तारकोल बिछाई गई; ब्यौरा वर्षवार दें?

----

## प्रोफेसर के पद का सृजन

***4024 श्री बम्बर ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार क्या प्रदेश में विभिन्न महाविद्यालयों में प्राध्यापकों को पदोन्नति का लाभ देने हेतु प्रोफेसर के पदों का सृजन करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## पुल निर्माण

***4025 श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत किन्नू, गुरेट वाया आरनवाल व करलूही, मन्धोली सड़क पर करलूही खड्ड पर पुल निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## मनरेगा के अन्तर्गत रोज़गार

***4026 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत चार वर्षों में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मनरेगा के अन्तर्गत कितने व्यक्तियों को रोज़गार दिया गया; ब्यौरा दें; और

(ख) ऐसे कितने व्यक्ति हैं जिन्हें मनरेगा का कार्य करने पर दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक वेतन नहीं दिया गया; ब्यौरा दें?

----

## विचाराधीन सड़कें

***4027 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की भाटग्रां, खड़ीहार, शिला, दयाणी, तराशी, लोरन, खलाड़ा एवं सरली सड़कों की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

**शिमला: 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांक: 10 मार्च, 2017.** **सचिव।**